प्रेषक,

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

सेवा में,

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/राजकीय सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त, महाविद्यालय, उत्तराखण्ड।

पत्रांक : उ0वि0शि0प0/केन्द्रीय छात्रवृत्ति/ 205 /2024-25 दिनांक 28 सितम्बर 2024

**विषय : केन्द्रीय छात्रवृत्ति वर्ष 2024-25 (Renewal) हेतु अर्ह छात्रों के सम्बन्ध में।**

महोदय,

भारत सरकार उच्च शिक्षा मंत्रालय के सलंग्न ई-मेल पंत्राक I-4/2023-NS-I दिनांक 27 सितम्बर 2024 के द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तराखण्ड राज्य हेतु केन्द्रीय छात्रवृत्ति वर्ष 2024-25 **Ist Fresh Scholarship** व **Renewal** **हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 31 अक्टूबर 2024** है व 1581 से अधिक छात्र Renewal के लिए अर्ह हैं लेकिन अद्यतन केवल 338 छात्रों के ही आवेदन संस्थान स्तर पर प्राप्त हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि संशोधित दिशानिर्देशों के क्रम में वह छात्र भी Renewal के लिए अर्ह होंगे जो अर्ह होने के बावजूद पिछले वर्ष 2023-24 में किन्ही कारणों से Renewal नहीं कर पायें थे। इन छात्रों की OTR ID NIC-NSP द्वारा generate कर, उक्त छात्रों के पंजीकृत दूरभाष नम्बर पर SMS द्वारा भेजी जाएगी। तत्पश्चात उक्त छात्रों को अपने सभी वैध दस्तावेजों सहित मंत्रालय से संपर्क करना होगा। मंत्रालय द्वारा सत्यापन के बाद ही उक्त छात्र Renewal वर्ष 2024-25 हेतु अर्ह होंगे।

**उपर्युक्त के आलोक में मंत्रालय द्वारा भेजा गया पत्र व वर्ष 2024-25 Renewal हेतु 1581 अर्ह छात्रों की सूची व 01 वर्ष के Gap Renewal वाले 455 छात्रों की सूची पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही हैं कि आप उक्त छात्रों को व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करेंगे साथ ही Whatsapp Group , कॉलेज नोटिस बोर्ड व अन्य माध्यमों से सूचना प्रचारित कर केन्द्रीय छात्रवृत्ति वर्ष 2024-25 Fresh/Renewal आवेदन हेतु अधिक से अधिक अर्ह छात्रों कों जागरूक करना सुनिश्चित करेंगे।**

संलग्न-उक्तवत्।

भवदीय,

(बी०एम०एस० रावत)
नोडल अधिकारी/अपर सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

**पृ.सं.:** उ.वि.शि.प./केन्द्रीय छात्रवृत्ति/ 205 /2024-25 दिनांक उक्तवत्।

**प्रतिलिपिः** निदेशक, छात्रवृत्ति अनुभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।

28/9/24

नोडल अधिकारी/अपर सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय,
भतरौंजखान (अल्मोड़ा) उत्तराखण्ड 263646
Email Id- gdcbhatronjkhan@gmail.com

दिनांक 07/09/2024

## कार्यालय–छात्रवृति
## राजकीय महाविद्यालय भतरौंजखान, अल्मोड़ा
## सूचना

महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि निदेशालय समाज कल्याण उत्तराखण्ड दवारा संचालित समस्त पूर्व दशम एवं दशमोत्तर छात्रवृति **(Post Matnic Scholarship)** ( अनुसूचित जाति **SC**, अनुसूचित जनजाति **ST**, पिछडी जाति **OBC** एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग **EWS** हेतु) छात्रवृति योजना हेतु राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल **(http:scholarships.gov.in)** को दिनांक 31 अक्टूबर 2024 तक खोला गया है।
अतः शैक्षिक सत्र 2024–25 में दशमोत्तर छात्रवृति**(Post Matnic)** अनुसूचित जाति **SC**, अनुसूचित जनजाति **ST**, पिछडी जाति **OBC** एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग **EWS** हेतु अर्ह छात्र–छात्राओं राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल ) **(http:scholarships.gov.in)** पर ऑनलाईन आवेदन भरकर छायाप्रति के साथ वांछित प्रपत्र एवं छात्रवृति प्रभारी के पास जमा करना सुनिश्चित करें। आवेदन हेतु योग्यता निम्न प्रकार है।

- विद्यार्थी महाविद्यालय का संस्थागत रेगुलर छात्र–छात्रा होना अनिवार्य हैं
- विद्यार्थी ने पूर्व परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

उपरोक्त योग्यताओं को पूर्ण करने वाले समस्त छात्र–छात्राएं साइबर कैफे से एन0एस0पी0 पोर्टल **NSP:National Scholarship Portal(www.scholarship.gov.in)** से ऑनलाइन आवेदन भरकर संलग्न (1–10) प्रपत्रों के साथ छात्रवृति प्रभारी के पास जमा करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक प्रपत्र (स्वयं प्रमाणित)
1 ऑनलाइन आवेदन की प्रति
2 बोनाफाइड सर्टिपिकेट
3 आय प्रमाण पत्र (केवल एक साल की वैधता के साथ)
4स्थायी एवं जाति प्रमाण पत्र
5 पिछला उत्तीर्ण अंक पत्र
6 पहचान पत्र**(Identity Card/Fee receipt)**
7 बैंक पासबुक की छाया प्रति
8 आधार कार्ड
9 घोषणा पत्र (मैं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार दवारा निर्धारित एक सत्र में केवल एक ही छात्रवृति लंगा/लूंगी)
10 शपथ पत्र (प्रमाण पत्र में यदि कोई भिन्नता होने पर)

Seema Sinh
प्राचार्य
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
भतरौंजखान, (अल्मोड़ा)

Sd- Poonam
नोडल अधिकारी
डॉ पूनम